हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
शनिवार, 15 फरवरी 2020, बरेली, उत्तर प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO.6 : MIDDLE

अंतराग्नि के तहत खेलकूद शुरू

एसआरएमएस

बरेली | प्रमुख संवाददाता

एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिता अंतराग्नि शुरू हो गई। इसमें पांच दर्जन से अधिक स्पर्धाएं होंगी। पहले दिन 28 प्रतियोगिताओं में शामिल होकर विद्यार्थियों ने दमखम दिखाया।

सीईटी के मुख्य मैदान में शुक्रवार सुबह नौ बजे आमोद रन के साथ प्रतियोगिताएं शुरू हुईं। आमोद रन में मिली मशाल से एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने ज्योति प्रज्वलित की व आमोद ध्वज फहराया। इस दौरान वाराणसी से आए आईआईटीएन, साधक, गायक, इंटरप्रिन्योर, योगी प्रतीक चैतन्य ने ध्यान संगीत के माध्यम से विद्यार्थियों को ज्ञान बढ़ाने और समाज में लीडर बनने के टिप्स दिये। योगी चैतन्य ने विद्यार्थियों को ध्यान संगीत के अपने प्रस्तुतिकरण में राम नाम की महिमा का बखान किया। उन्होंने कबीर वाणी तोरी गठरी पे लागा चोर की संगीतमय व्याख्या की। बताया कि ज्ञान प्राप्ति में किस तरह से बाधाएं आती हैं और किस तरह इनसे निपटा जा सकता है। संसार में रह कर हम जितना ध्यान लगाएंगे उतना ही सफलता हासिल करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि ज्ञान के लिए सहज रहना आवश्यक है लेकिन सहज रहना ही सबसे कठिन है।

महान विज्ञानी आइंस्टीन का उदाहरण दिया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, निदेशक आशा मूर्ति, ट्रस्टी ऋचा मूर्ति, डा. सुभाष मेहरा, डा. एसबी गुप्ता, डा. निर्मल यादव, डीन प्रभाकर गुप्ता, अनुज कुमार, दीपेश तिवारी, आशीष कुमार, डा.ललित सिंह, डा.पियूष अग्रवाल, दिवाकर उपाध्याय, डा.एबी मोवार, डा.नीलिमा मेहरोत्रा, डा.बिंद गर्ग मौजद रहे।

एसआरएमएस में अंतराग्नि के दौरान फुटबॉल में दमखम दिखाते खिलाड़ी। • हिन्दुस्तान

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने शिक्षकों को हराया

बरेली। स्थापना दिवस पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने शिक्षकों की टीम को पराजित किया। तीसरे स्थान पर तृतीय श्रेणी कर्मचारी रहे। 100 मीटर महिला दौड़ में बीफार्मा की महिमा गुप्ता प्रथम, माइक्रोबायोलॉजी की साक्षी चौधरी द्वितीय तथा बीफार्मा की ओजस्वी गंगवार तीसरे स्थान पर रहीं। 400 मीटर महिला दौड़ में बीफार्मा की ओजस्वी गंगवार प्रथम, माइक्रोबायोलॉजी की साक्षी चौधरी द्वितीय तथा बीफार्मा की ज्योति रानी तीसरे स्थान पर रहीं। 100 मीटर पुरुष दौड़ में बीफार्मा के कमल शर्मा प्रथम, बीफार्मा के वैभव सिंह द्वितीय तथा बीटेक के अवनीश कुमार तृतीय रहे। 400 मीटर पुरुष वर्ग में बीटेक के अवनीश कुमार प्रथम, सीएसआईटी के सुनीत कुमार द्वितीय तथा ईआई के ऋषभ तीसरे स्थान पर रहे।